S. 2015-16

Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 8

Total No. of Questions : 21

उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड

**MPSS SE 16 (828)**

सामान्य हिंदी

षष्टम् प्रश्नपत्र

समय : 1½ घण्टे

पूर्णांक : 50

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2½-2½ अंक निर्धारित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2-2 अंक निर्धारित हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2½-2½ अंक निर्धारित हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 21 प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

(1) त्रिचिनापल्ली के निकट ही ..................................... का मंदिर है।

(तिरुपति बालाजी / श्री रंगम)

(2) हर पुस्तक को उसका ..................................... मिलना चाहिए।

(ग्राहक / पाठक)

(3) 'हम कहाँ जा रहे हैं' ..................................... की रचना है।

(रहीम / सुदर्शन)

(4) "शैली ही व्यक्ति है और व्यक्ति ही शैली है" यह कथन ................................... ने कहा है।

(रामचन्द्र शुक्ल / बफन)

(5) घर का भेदी ................................... ढावे।

(मकान / लंका)

2. सही विकल्प का चयन कीजिये :

(1) 'बल और बुद्धि का वही सम्बन्ध है जो देह और आँख का' यह किस पाठ का अंश है ?

(अ) पुस्तक (ब) बीमार का इलाज

(स) बल-बहादुरी (द) हिमालय और हम

(2) निराला प्रमुख कवि थे :

(अ) रीतिकाल के (ब) वीरगाथा काल के

(स) भक्तिकाल के (द) आधुनिक काल के

(3) राष्ट्र माता किसे कहा है ?

(अ) इन्दिरा गाँधी (ब) भारत माता

(स) कस्तूरबा गाँधी (द) सुभद्रा कुमारी चौहान

(4) 'मैंने ही क्या सहा, सभी ने मेरी बाधा-व्यथा सही' यह कहा है :

(अ) यशोदा (ब) राधा

(स) देवकी (द) यशोधरा

(5) नीलकंठ समास है :

(अ) द्विगु (ब) कर्मधारय

(स) द्वन्द (द) बहुब्रीहि

3. सत्य/असत्य लिखिये :

(1) बाबू गुलाबराय कवि थे।

(2) रामायण को तुलसीदास ने लिखा है।

(3) भारत ने शून्य का आविष्कार किया।

(4) हिमालय को धरती का ताज कहा है।

(5) अनेकार्थी शब्द को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

4. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर दीजिये :

(1) जो विदेश में निवास करता हो।

(2) जो धार्मिक स्थलों की यात्रा करता है।

(3) बच्चों में किस बात की बहस छिड़ी थी ?

(4) पार्वती जी का नाम कन्याकुमारी क्यों पड़ा ?

(5) जहाँ धरती और आकाश मिले हुए दिखते हैं, उसे क्या कहते हैं ?

5. **सही** जोड़ियाँ बनाइये :

| | | |
|---|---|---|
| (1) दक्षिण भारत की एक झलक | – | सुदर्शन 'प्रियदर्शिनी' |
| (2) हम कहाँ जा रहे हैं | – | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |
| (3) तीन बच्चे | – | भूषण |
| (4) ठेस | – | आचार्य विनय मोहन शर्मा |
| (5) शौर्य गाथा | – | सुभद्रा कुमारी चौहान |

6. यशोदा ने देवकी को क्या संदेश भेजा ?

**अथवा**

"लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

7. कवि 'जागो फिर एक बार' में क्या उद्बोधन देता है ?

**अथवा**

छत्रसाल की बर्छी की विशेषताएँ लिखिए।

8. गिरिराज हिमालय का भारत से क्या नाता है ?

**अथवा**

'उनके श्रम के फल सब भोगें' यशोधरा के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

9. तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालय में किन-किन देशों के विद्यार्थी विद्या प्राप्त करने आते थे ?

**अथवा**

गाँधीजी ने प्रार्थना के महत्व को बताते हुए क्या निर्देश दिये थे ?

10. रवीन्द्रनाथ टैगोर को सौंदर्य की अनुभूति कैसे हुई ?

**अथवा**

'हम कहाँ जा रहे हैं' से कवि का क्या आशय है ?

11. आर्यभट्ट की क्या देन है ?

**अथवा**

दक्षिण भारत में हिंदी प्रचार के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

12. 'द्विवेदी युग' किसके नाम से जाना जाता है ? इसकी प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

शुक्लोत्तर युग पर टिप्पणी लिखिए।

13. (अ) निम्न मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये (कोई **दो**) :

(1) नौ दो ग्यारह होना।

(2) पानी-पानी होना।

(3) आँखों का तारा।

(ब) किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(1) मेरे को घर जाना है।

(2) जन-समूह जा रहे हैं।

(3) रमेश और महेश और दिनेश और सुरेश मित्र हैं।

14. (अ) निम्नलिखित शब्द युग्मों का अर्थों में प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये (कोई **दो**) :

(1) उत्तर-उतर।

(2) ग्रह-गृह।

(3) पाश्चात्य-पश्चात्।

(ब) वाक्यों को बदलिए (कोई **दो**) :

(1) विद्वानों का सभी आदर करते हैं। (मिश्र वाक्य)

(2) तुमने गृहकार्य किया। (प्रश्नवाचक)

(3) वह अभी भी पढ़ रहा है। (विस्मयादिबोधक)

15. किसी **एक** अवतरण का भाव-पल्लवन कीजिए :

(1) जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।

(2) क्षमा वीरों का आभूषण है।

16. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

बल के साथ बुद्धि का एकत्र संयोग सौभाग्य-श्री का पुनीत वरदान है। जिस मनुष्य जाति या राष्ट्र को महामाया का यह वरदान प्राप्त है, सफलता उसके सामने हाथ बाँधे खड़ी रहने में अपने जीवन को चरितार्थ मानती है और विजय उसकी आँख के एक सूक्ष्म संकेत पर नाचने में अपना गौरव अनुभव करती है।

**अथवा**

मंत्रों से बीमारी अच्छी हो जाती तो हम क्या भाड़-झोंकने को इतना पढ़ते। न जाने देश का ये अज्ञान कब दूर होगा 104 डिग्री। कोई बात नहीं, ठीक हो जायेगा। दवा लिखे देता हूँ, डिस्पेंसरी से मँगा लीजिएगा। दो-दो घंटे के बाद पीने को केवल दूध। यू विल बी ऑल राइट विदन टू आर थ्री डेज़। बेचैनी मालूम हो, बुखार न उतरे तो बरफ रखिएगा सिर पर।

17. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

मथन-मथन माखन रहै, दही यही बिलगाय।

रहिमन सोई मीत है, भीर परे ठहराय॥

**अथवा**

मैं धरा कर धैर्य हूँ

ज्योति हूँ मैं ही गगन की

अग्नि की मैं ही लपट हूँ

तीव्र गति हूँ मैं पवन की

नीर का गंभीर स्वर हूँ

वत्सला हूँ वंदना हूँ
मैं जननि हूँ-जन्मदात्री
विश्व की शुभकामना हूँ।

18. अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

राष्ट्र के श्रृंगार! मेरे देश के साकार सपनों।
देश की स्वाधीनता पर आँच तुम आने न देना
जिन शहीदों के लहू से लहलहाया चमन अपना
उन वतन के लाड़लों की याद मुर्झाने न देना।

**प्रश्न :**

(1) पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

(2) चमन किसके कारण लहलहाया है ?

(3) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये :

स्त्रियों को शिक्षा के क्षेत्र के समान चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। वे शरीर तथा स्वभाव दोनों से ही इस विषय के लिए उपयुक्त हैं। भारतीय महिलाएँ प्राय: बीमार और कमजोर रहती हैं। उनके बच्चे भी अकाल मृत्यु के ग्रास बन जाते हैं। चिकित्सा संबंधी जानकारी का अभाव इसका एक बड़ा कारण है।

**प्रश्न :**

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) वर्तमान समय में स्त्रियाँ किस क्षेत्र में अधिक कार्यरत हैं ?

(3) गद्यांश का सारांश लिखिए।

20. शुल्क मुक्ति के लिए अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

राज्यस्तरीय क्रिकेट टीम में चयनित होने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

21. किसी **एक** विषय पर सारगर्भित शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(1) राष्ट्रभाषा हिंदी

(2) आतंकवाद की समस्या

(3) पर्यावरण और प्रदूषण कारण व निदान

(4) विज्ञान का महत्व

(5) छात्रों में NSS/NCC का महत्व।